X

हिंदी

उत्तर-सूचिका

HINDI WORKSHEET

7

तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

Thiruvananthapuram Educational District

उत्तर–सूचिका 1

कक्षा 10

सूचनाओं की सहायता से कलाम और रणविजय की दोस्ती पर एक टिप्पणी तैयार करें

छोटू उर्फ कलाम गरीब लड़का था तो राणा का बेटा रणविजय अमीर घर का लड़का ।

कलाम की सहायता से रण विजय को हिंदी भाषण में प्रथम स्थान भी मिल जाता है ।

रणविजय कलाम को अंग्रेज़ी सीखने में मदद करता है तो कलाम रणविजय को हिंदी सीखने में ।

दोस्त को बचाने के लिए कलाम चोरी का आरोप भी सह लेता है। इस प्रकार कलाम अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता है ।

दोनों के बीच दोस्ती हो जाती है और वे एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं ।

Thiruvananthapuram Educational District

कलाम और रणविजय की दोस्ती

छोटू उर्फ कलाम गरीब लड़का था तो राणा का बेटा रणविजय अमीर घर का लड़का । दोनों के बीच दोस्ती हो जाती है और वे एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं । रणविजय कलाम को अंग्रेज़ी सीखने में मदद करता है तो कलाम रणविजय को हिंदी सीखने में । कलाम की सहायता से रणविजय को हिंदी भाषण में प्रथम स्थान भी मिल जाता है । दोस्त को बचाने के लिए कलाम चोरी का आरोप भी सह लेता है। इस प्रकार कलाम अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता है ।

उत्तर–सूचिका 2

अक्षर पहचानकर शब्द ढूँढें

क्ल →	क्लास
क्स →	बॉक्स
ब्बा →	डिब्बा
ल्ल →	मोहल्ला
स्स →	किस्सा
ज्ज →	हिज्जा
स्क →	स्कूल
स्व →	स्वाभाविक
ट्ट →	दरीपट्टी
ष्ट्र →	राष्ट्रपति

Thiruvananthapuram Educational District

उत्तर–सूचिका 3

कक्षा 10

चित्र और शब्द के जोड़े बनाएँ

* राजमा-चावल
* क्लास की दरीपट्टी
* राजमा

क्लास की दरीपट्टी

राजमा

राजमा-चावल

Thiruvananthapuram Educational District

कक्षा 10

मिहिर और मोरपाल के बीच खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का निश्चय हुआ I इस प्रसंग को लेकर मिहिर अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है I नीचे दिए वाक्यों की सहायता से वह पत्र लिखें

- प्रिय मित्र
- मैं ठीक हूँ।
- खाने की अदला–बदली का
- कभी–कभी लिखा करो यार।
- इस प्रकार हम दोनों को अपने पसंद का खाना आसानी से मिलता ही रहता है।
- तुम्हें याद है न मेरे एक दोस्त मोरपाल को I

POSTCARD

स्थान.............

तारीख...........

प्रिय मित्र,

तुम कैसे हो ? मैं ठीक हूँ।

माँ–बाप सब कुशल हैं न ? एक खास बात बताने के लिए यह पत्र लिख रहा हूँ।

तुम्हें याद है न मेरे एक दोस्त मोरपाल को।

वह मेरा प्रिय दोस्त है। दरीपट्टी में भी हम एक साथ बैठते हैं। वह हर दिन छाछ लाता है, जो मुझे बहुत पसंद है और मैं राजमा–चावल, जो उसे बहुत पसंद है। आज हमारा सौदा हुआ – खाने की अदला–बदली का। इस प्रकार हम दोनों को अपने पसंद का खाना आसानी से मिलता ही रहता है।

क्या तुम्हारे स्कूल में इस प्रकार का कोई लेन -देन है ? नहीं तो कल से शुरू कर दो यार I

तुम्हारे माँ–बाप से मेरा प्रणाम कहना।
कभी–कभी लिखा करो यार।

तुम्हारा मित्र

हस्ताक्षर
मिहिर

सेवा में

नाम,

पता

Thiruvananthapuram Educational District